# अध्याय–सात

## पाँचवीं आर्थिक गणना 2005 और छठी आर्थिक गणना 2012-13 के परिणामों से तुलना

### 7.01 उद्यमों और रोज़गार की वृद्धि

पाँचवी एवं छठी आर्थिक गणना के मध्य (2005–2013) ग्रामीण, नगरीय तथा संयुक्त रूप से उद्यम एवं रोज़गार में वृद्धि को तालिका–7.1 में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका–7.1 से स्पष्ट है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2013 के मध्य संयुक्त रूप से उद्यमों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सी०ए०जी०आर०) 6.65 प्रतिशत थी। उपरोक्त सन्दर्भित अवधि में ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमों की वृद्धि दर (8.35 प्रतिशत), नगरीय क्षेत्र में उद्यमों की वृद्धि दर (4.29 प्रतिशत) से अधिक पायी गयी। वर्ष 2005–2013 की अवधि में उद्यमों की संख्या में कुल वृद्धि दर 67.38 प्रतिशत (ग्रामीण क्षेत्र–90.00 प्रतिशत, नगरीय क्षेत्र–39.94 प्रतिशत) दर्ज की गयी ।

**तालिका–7.1: पाँचवीं और छठी आर्थिक गणना के लिए उद्यम एंव रोजगार की संख्या**

| क्षेत्र | मद | पाँचवीं आर्थिक गणना* | छठी आर्थिक गणना | सी०ए०जी०आर० (प्रतिशत) | कुल वृद्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | उद्यम | 2188981 | 4158955 | 8.35 | 90.00 |
| | रोजगार | 4023012 | 7953379 | 8.89 | 97.70 |
| नगरीय | उद्यम | 1804301 | 2524950 | 4.29 | 39.94 |
| | रोजगार | 3822962 | 6164673 | 6.15 | 61.25 |
| संयुक्त | उद्यम | 3993282 | 6683905 | 6.65 | 67.38 |
| | रोजगार | 7845974 | 1 4118052 | 7.62 | 79.94 |

* पाँचवीं आर्थिक गणना 2005 के आँकड़ों (अनुलग्नक–ix ) को छठी आर्थिक गणना 2012–13 के आँकड़ों के साथ सार्थक तुलना करने के लिए लोक प्रशासन, रक्षा और अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की गतिविधियों के आँकड़ों को छोड़कर।

वर्ष 2005–13 की अवधि में रोज़गार की स्थिति को भी तालिका–7.1 में प्रदर्शित किया गया है। सन्दर्भित अवधि में संयुक्त रूप से रोज़गार में 7.62 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर पायी गयी है। ग्रामीण क्षेत्र में यह वृद्धि दर 8.89 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 6.15 प्रतिशत रही। स्पष्ट है कि नगरीय क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार की वृद्धि दर अधिक रही। इसी अवधि में रोज़गार की कुल वृद्धि दर 79.94 प्रतिशत (ग्रामीण क्षेत्र–97.70 प्रतिशत, नगरीय क्षेत्र–61.25 प्रतिशत) थी।

### 7.02 पाँचवी (2005) एवं छठी आर्थिक गणना (2013) के मध्य उद्यमों और रोज़गार की वृद्धि दर

पाँचवी एवं छठी आर्थिक गणना के मध्य (2005–2013) ग्रामीण, नगरीय तथा संयुक्त रूप से उद्यम में वृद्धि क्रमशः 90.00 प्रतिशत, 39.94 प्रतिशत एवं 67.38 प्रतिशत तथा रोज़गार में वृद्धि क्रमशः 97.70 प्रतिशत, 61.25 प्रतिशत एवं 79.94 प्रतिशत पायी गयी।

पाँचवी आर्थिक गणना के सापेक्ष छठी आर्थिक गणना में जनपद वार रोज़गार एवं उद्यमों की कुल संख्या में प्रतिशत वृद्धि को प्रस्तुत तालिका–7.2 में देखा जा सकता है।


तालिका–7.2 से यह उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में संयुक्त (ग्रामीण एवं नगरीय) रूप से उद्यमों की संख्या एवं रोज़गार में धनात्मक वृद्धि दर रहा है। अपवाद के रूप में जनपद बागपत में नगरीय क्षेत्र में उद्यमों की संख्या तथा रोज़गार की वृद्धि दर ऋणात्मक पायी गयी है।


तालिका–7.2 : प्रदेश में पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के मध्य जनपद वार उद्यमों एवं रोज़गार में वृद्धि

| जनपद | उद्यमों में वृद्धि (प्रतिशत) | | | रोजगार में वृद्धि (प्रतिशत) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1–सहारनपुर | 49.24 | 37.05 | **43.46** | 40.28 | 58.74 | **48.98** |
| 2–मुजफ्फर नगर | 37.18 | 14.61 | **24.95** | 34.40 | 28.59 | **31.37** |
| 3–बिजनौर | 59.80 | 27.94 | **45.65** | 73.90 | 53.97 | **65.14** |
| 4–मुरादाबाद | 224.61 | 66.53 | **140.78** | 194.48 | 66.11 | **124.83** |
| 5–रामपुर | 121.52 | 38.95 | **77.41** | 154.55 | 65.41 | **105.20** |
| 6–ज्योतिबा फुले नगर (अमरोहा) | 233.92 | 49.92 | **171.08** | 243.12 | 126.31 | **212.50** |
| 7–मेरठ | 175.15 | 59.10 | **106.47** | 128.60 | 75.13 | **98.58** |
| 8–बागपत | 30.09 | -12.27 | **12.40** | 19.15 | -0.07 | **12.20** |
| 9–गाजियाबाद | 75.55 | 64.17 | **67.14** | 103.46 | 86.13 | **89.71** |
| 10–गौतम बुद्ध नगर | 49.86 | 46.48 | **47.47** | -25.34 | 148.66 | **116.21** |
| 11–बुलन्दशहर | 533.62 | 44.76 | **269.26** | 607.54 | 65.79 | **338.42** |
| 12–अलीगढ़ | 132.72 | 39.18 | **99.27** | 123.15 | 30.37 | **87.62** |
| 13–हाथरस | 181.06 | 30.39 | **101.36** | 291.49 | 66.77 | **173.42** |
| 14–मथुरा | 54.96 | 13.91 | **31.41** | 59.04 | 37.89 | **46.83** |
| 15–आगरा | 248.81 | 87.38 | **140.42** | 282.81 | 119.66 | **168.09** |
| 16–फिरोजाबाद | 49.57 | 30.94 | **37.74** | 35.31 | 126.10 | **94.08** |
| 17–मैनपुरी | 259.55 | 46.99 | **138.16** | 170.74 | 55.35 | **112.96** |
| 18–बदायूं | 150.44 | 6.24 | **101.36** | 164.62 | 33.30 | **122.61** |
| 19–बरेली | 138.65 | 153.99 | **146.71** | 131.87 | 202.61 | **167.20** |
| 20–पीलीभीत | 139.41 | 43.30 | **99.56** | 144.91 | 44.68 | **101.63** |
| 21–शाहजहांपुर | 111.33 | 32.15 | **71.23** | 86.03 | 56.09 | **72.29** |
| 22–खीरी | 63.29 | 41.08 | **55.65** | 73.22 | 49.53 | **64.35** |
| 23–सीतापुर | 29.76 | 0.26 | **20.09** | 56.64 | 61.84 | **58.41** |
| 24–हरदोई | 68.58 | 13.89 | **46.56** | 100.71 | 49.22 | **79.59** |
| 25–उन्नाव | 10.64 | 20.94 | **14.38** | 24.61 | 27.86 | **25.82** |
| 26–लखनऊ | 179.82 | 16.92 | **47.15** | 188.90 | 19.00 | **45.04** |
| 27–रायबरेली | 63.10 | 0.99 | **46.51** | 99.42 | 27.96 | **76.83** |
| 28–फर्रुखाबाद | 94.53 | 15.88 | **49.30** | 86.15 | 56.34 | **70.93** |
| 29–कन्नौज | 190.12 | 53.28 | **102.40** | 185.00 | 129.73 | **154.22** |
| 30–इटावा | 326.43 | 56.83 | **194.06** | 227.88 | 21.64 | **120.22** |
| 31–औरैया | 59.52 | 23.56 | **43.63** | 39.24 | 19.85 | **31.00** |
| 32–कानपुर देहात | 73.17 | 60.81 | **70.66** | 38.23 | 96.87 | **47.32** |
| 33–कानपुर नगर | 165.83 | 12.77 | **40.40** | 176.06 | 16.18 | **38.21** |
| 34–जालौन | 124.10 | 17.11 | **64.75** | 99.89 | 6.24 | **46.99** |
| 35–झांसी | 53.37 | 33.04 | **40.93** | 46.10 | 42.11 | **43.60** |
| 36–ललितपुर | 25.76 | 13.78 | **21.22** | 20.77 | 33.73 | **25.92** |


## तालिका–7.2 : प्रदेश में पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के मध्य जनपद वार उद्यमों एवं रोज़गार में वृद्धि


| जनपद | उद्यमों में वृद्धि (प्रतिशत) | | | रोजगार में वृद्धि (प्रतिशत) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 37–हमीरपुर | 13.16 | 25.97 | **18.43** | 21.13 | 40.97 | **29.23** |
| 38–महोबा | 29.91 | 9.05 | **21.58** | 41.15 | 13.93 | **29.25** |
| 39–बांदा | 40.49 | 22.49 | **33.04** | 76.21 | 43.48 | **60.36** |
| 40–चित्रकूट | 37.80 | 12.08 | **28.88** | 28.30 | 16.16 | **24.13** |
| 41–फतेहपुर | 70.32 | 51.12 | **65.63** | 102.87 | 60.00 | **91.81** |
| 42–प्रतापगढ | 34.74 | 41.67 | **36.45** | 42.85 | 81.53 | **51.25** |
| 43–कौशाम्बी | 142.08 | 53.40 | **113.72** | 200.44 | 79.88 | **164.21** |
| 44–इलाहाबाद | 91.98 | 111.07 | **100.78** | 69.07 | 102.72 | **84.61** |
| 45–बाराबंकी | 26.50 | 11.17 | **22.52** | 33.34 | 21.09 | **30.00** |
| 46–फैजाबाद | 54.51 | 48.62 | **52.61** | 55.57 | 78.45 | **62.22** |
| 47–अम्बेडकर नगर | 31.65 | 29.16 | **30.98** | 69.35 | 51.42 | **63.12** |
| 48–सुलतानपुर | 37.70 | 45.20 | **39.14** | 88.00 | 58.03 | **81.22** |
| 49–बहराइच | 41.53 | 25.59 | **37.15** | 67.85 | 39.05 | **58.97** |
| 50–श्रावस्ती | 34.15 | 9.15 | **29.86** | 71.66 | 66.95 | **70.81** |
| 51–बलरामपुर | 20.82 | 29.21 | **22.90** | 35.11 | 83.45 | **46.95** |
| 52–गोण्डा | 13.51 | 22.24 | **15.71** | 20.49 | 54.45 | **29.00** |
| 53–सिद्धार्थ नगर | 122.12 | 60.26 | **110.33** | 123.97 | 109.44 | **121.48** |
| 54–बस्ती | 81.62 | 75.11 | **80.07** | 75.94 | 164.83 | **104.74** |
| 55–संत कबीर नगर | 163.38 | 26.23 | **125.59** | 124.83 | 49.68 | **104.42** |
| 56–महराजगंज | 46.59 | 71.49 | **50.32** | 71.20 | 69.78 | **70.94** |
| 57–गोरखपुर | 31.73 | 15.72 | **25.53** | 59.60 | 28.93 | **45.49** |
| 58–कुशीनगर | 68.73 | 140.76 | **78.67** | 93.95 | 185.83 | **107.90** |
| 59–देवरिया | 40.45 | 18.11 | **33.81** | 34.61 | 17.73 | **29.13** |
| 60–आजमगढ | 74.46 | 52.02 | **68.40** | 64.76 | 51.45 | **60.69** |
| 61–मऊ | 17.28 | 42.53 | **31.23** | 20.01 | 40.88 | **32.21** |
| 62–बलिया | 35.05 | 29.04 | **33.34** | 80.35 | 77.56 | **79.57** |
| 63–जौनपुर | 30.32 | 19.80 | **27.50** | 25.06 | 26.47 | **25.42** |
| 64–गाजीपुर | 50.51 | 21.85 | **44.00** | 49.92 | 37.16 | **47.00** |
| 65–चन्दौली | 39.00 | 54.25 | **43.10** | 37.13 | 34.36 | **36.34** |
| 66–वाराणसी | 7.30 | 35.67 | **23.26** | 6.24 | 40.67 | **27.23** |
| 67–संत रविदास नगर (भदोही) | 102.11 | 53.75 | **85.14** | 109.34 | 85.23 | **100.98** |
| 68–मीरजापुर | 73.09 | 35.00 | **57.92** | 94.93 | 52.93 | **79.47** |
| 69–सोनभद्र | 21.28 | 31.49 | **25.17** | 40.26 | 19.41 | **28.51** |
| 70–एटा | 142.01 | 9.63 | **83.91** | 192.77 | 29.00 | **115.86** |
| 71–कांशीराम नगर (कासगंज) | 256.41 | 11.34 | **144.29** | 272.37 | 29.07 | **150.81** |
| उत्तर प्रदेश | **90.00** | **39.94** | **67.38** | **97.70** | **61.25** | **79.94** |




पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के बीच उद्यमों में उच्च प्रतिशत की वृद्धि वाले शीर्ष के 10 जनपद हैं–बुलन्दशहर (269.26 प्रतिशत), इटावा (194.06 प्रतिशत), ज्योतिबा फुले नगर (171.08 प्रतिशत), बरेली (146.71 प्रतिशत), कांशीराम नगर (144.29 प्रतिशत), मुरादाबाद (140.78 प्रतिशत), आगरा (140.42 प्रतिशत), मैनपुरी (138.16 प्रतिशत), संत कबीर नगर (125.59 प्रतिशत) एवं कौशाम्बी (113.72 प्रतिशत)। इसी प्रकार सन्दर्भित आर्थिक गणनाओं के मध्य उद्यमों की कम प्रतिशत की वृद्धि वाले 10 जनपद हैं–बागपत (12.40 प्रतिशत), उन्नाव (14.38 प्रतिशत), गोण्डा (15.71 प्रतिशत), हमीरपुर (18.43 प्रतिशत), सीतापुर (20.09 प्रतिशत), ललितपुर (21.22 प्रतिशत), महोबा (21.58 प्रतिशत), बाराबंकी (22.52 प्रतिशत), बलरामपुर (22.90 प्रतिशत) एवं वाराणसी (23.26 प्रतिशत)।




रोज़गार की वृद्धि की दृष्टि से प्रदेश के शीर्ष के 10 जनपद—बुलन्दशहर (338.42 प्रतिशत), ज्योतिबा फुले नगर (212.50 प्रतिशत), हाथरस (173.42 प्रतिशत), आगरा (168.09 प्रतिशत), बरेली (167.20 प्रतिशत), कौशाम्बी (164.21 प्रतिशत), कन्नौज (154.22 प्रतिशत), कांशीराम नगर (150.81 प्रतिशत), मुरादाबाद (124.83 प्रतिशत) एवं बदायूं (122.61 प्रतिशत) हैं। इसी प्रकार रोज़गार की सबसे कम वृद्धि दर्ज करने वाले प्रदेश के 10 जनपद—बागपत (12.20 प्रतिशत), चित्रकूट (24.13 प्रतिशत), जौनपुर (25.42 प्रतिशत), उन्नाव (25.82 प्रतिशत), ललितपुर (25.92 प्रतिशत), वाराणसी (27.23 प्रतिशत), सोनभद्र (28.51 प्रतिशत), गोण्डा (29.00 प्रतिशत), देवरिया (29.13 प्रतिशत) तथा हमीरपुर (29.23 प्रतिशत) हैं।

## तालिका–7.3 : पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के अन्तर्गत जनपद वार उद्यमों एवं कामगारों में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर की तुलना

| जनपद | उद्यम | | | रोजगार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1–सहारनपुर | 5.13 | 4.02 | 4.61 | 4.32 | 5.95 | 5.11 |
| 2–मुजफ्फर नगर | 4.03 | 1.72 | 2.82 | 3.76 | 3.19 | 3.47 |
| 3–बिजनौर | 6.03 | 3.13 | 4.81 | 7.16 | 5.54 | 6.47 |
| 4–मुरादाबाद | 15.86 | 6.58 | 11.61 | 14.45 | 6.55 | 10.66 |
| 5–रामपुर | 10.45 | 4.20 | 7.43 | 12.39 | 6.49 | 9.40 |
| 6–ज्योतिबा फुले नगर (अमरोहा) | 16.27 | 5.19 | 13.28 | 16.66 | 10.75 | 15.31 |
| 7–मेरठ | 13.49 | 5.98 | 9.49 | 10.89 | 7.26 | 8.95 |
| 8–बागपत | 3.34 | - 1.62 | 1.47 | 2.21 | - 0.01 | 1.45 |
| 9–गाजियाबाद | 7.29 | 6.39 | 6.63 | 9.28 | 8.08 | 8.33 |
| 10–गौतम बुद्ध नगर | 5.19 | 4.89 | 4.98 | - 3.59 | 12.06 | 10.12 |
| 11–बुलन्दशहर | 25.96 | 4.73 | 17.74 | 27.71 | 6.52 | 20.29 |
| 12–अलीगढ़ | 11.14 | 4.22 | 9.00 | 10.55 | 3.37 | 8.18 |
| 13–हाथरस | 13.79 | 3.37 | 9.14 | 18.60 | 6.60 | 13.40 |
| 14–मथुरा | 5.63 | 1.64 | 3.47 | 5.97 | 4.10 | 4.92 |
| 15–आगरा | 16.90 | 8.17 | 11.59 | 18.27 | 10.34 | 13.12 |
| 16–फिरोजाबाद | 5.16 | 3.43 | 4.08 | 3.85 | 10.74 | 8.64 |
| 17–मैनपुरी | 17.35 | 4.93 | 11.46 | 13.26 | 5.66 | 9.91 |
| 18–बदायूं | 12.16 | 0.76 | 9.14 | 12.93 | 3.66 | 10.52 |
| 19–बरेली | 11.49 | 12.36 | 11.95 | 11.08 | 14.84 | 13.07 |
| 20–पीलीभीत | 11.53 | 4.60 | 9.02 | 11.85 | 4.73 | 9.16 |
| 21–शाहजहांपुर | 9.80 | 3.55 | 6.95 | 8.07 | 5.72 | 7.04 |
| 22–खीरी | 6.32 | 4.40 | 5.69 | 7.11 | 5.16 | 6.41 |
| 23–सीतापुर | 3.31 | 0.03 | 2.31 | 5.77 | 6.20 | 5.92 |
| 24–हरदोई | 6.75 | 1.64 | 4.89 | 9.10 | 5.13 | 7.59 |
| 25–उन्नाव | 1.27 | 2.41 | 1.69 | 2.79 | 3.12 | 2.91 |
| 26–लखनऊ | 13.73 | 1.97 | 4.95 | 14.18 | 2.20 | 4.76 |
| 27–रायबरेली | 6.31 | 0.12 | 4.89 | 9.01 | 3.13 | 7.39 |
| 28–फर्रुखाबाद | 8.67 | 1.86 | 5.14 | 8.08 | 5.74 | 6.93 |
| 29–कन्नौज | 14.24 | 5.48 | 9.21 | 13.99 | 10.96 | 12.37 |
| 30–इटावा | 19.88 | 5.79 | 14.43 | 16.00 | 2.48 | 10.37 |
| 31–औरैया | 6.01 | 2.68 | 4.63 | 4.22 | 2.29 | 3.43 |
| 32–कानपुर देहात | 7.10 | 6.12 | 6.91 | 4.13 | 8.84 | 4.96 |
| 33–कानपुर नगर | 13.00 | 1.51 | 4.33 | 13.53 | 1.89 | 4.13 |
| 34–जालौन | 10.61 | 1.99 | 6.44 | 9.04 | 0.76 | 4.93 |
| 35–झांसी | 5.49 | 3.63 | 4.38 | 4.85 | 4.49 | 4.63 |
| 36–ललितपुर | 2.91 | 1.63 | 2.44 | 2.39 | 3.70 | 2.92 |

तालिका–7.3 : पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के अन्तर्गत जनपद वार उद्यमों एवं कामगारों में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर की तुलना

| जनपद | उद्यम | | | रोजगार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 37–हमीरपुर | 1.56 | 2.93 | **2.14** | 2.42 | 4.39 | **3.26** |
| 38–महोबा | 3.32 | 1.09 | **2.47** | 4.40 | 1.64 | **3.26** |
| 39–बांदा | 4.34 | 2.57 | **3.63** | 7.34 | 4.62 | **6.08** |
| 40–चित्रकूट | 4.09 | 1.44 | **3.22** | 3.16 | 1.89 | **2.74** |
| 41–फतेहपुर | 6.88 | 5.30 | **6.51** | 9.25 | 6.05 | **8.48** |
| 42–प्रतापगढ | 3.80 | 4.45 | **3.96** | 4.56 | 7.74 | **5.31** |
| 43–कौशाम्बी | 11.68 | 5.49 | **9.96** | 14.74 | 7.62 | **12.91** |
| 44–इलाहाबाद | 8.49 | 9.79 | **9.10** | 6.78 | 9.24 | **7.96** |
| 45–बाराबंकी | 2.98 | 1.33 | **2.57** | 3.66 | 2.42 | **3.33** |
| 46–फैजाबाद | 5.59 | 5.08 | **5.43** | 5.68 | 7.51 | **6.23** |
| 47–अम्बेडकर नगर | 3.50 | 3.25 | **3.43** | 6.81 | 5.32 | **6.31** |
| 48– सुलतानपुर | 4.08 | 4.77 | **4.22** | 8.21 | 5.89 | **7.71** |
| 49–बहराइच | 4.44 | 2.89 | **4.03** | 6.69 | 4.21 | **5.97** |
| 50–श्रावस्ती | 3.74 | 1.10 | **3.32** | 6.99 | 6.62 | **6.92** |
| 51–बलरामपुर | 2.39 | 3.26 | **2.61** | 3.83 | 7.88 | **4.93** |
| 52–गोण्डा | 1.60 | 2.54 | **1.84** | 2.36 | 5.58 | **3.23** |
| 53–सिद्धार्थ नगर | 10.49 | 6.07 | **9.74** | 10.61 | 9.68 | **10.45** |
| 54–बस्ती | 7.74 | 7.25 | **7.63** | 7.32 | 12.95 | **9.37** |
| 55–संत कबीर नगर | 12.87 | 2.95 | **10.70** | 10.66 | 5.17 | **9.35** |
| 56–महराजगंज | 4.90 | 6.97 | **5.23** | 6.95 | 6.84 | **6.93** |
| 57–गोरखपुर | 3.51 | 1.84 | **2.88** | 6.02 | 3.23 | **4.80** |
| 58–कुशीनगर | 6.76 | 11.61 | **7.52** | 8.63 | 14.03 | **9.58** |
| 59–देवरिया | 4.34 | 2.10 | **3.71** | 3.78 | 2.06 | **3.25** |
| 60–आजमगढ | 7.20 | 5.37 | **6.73** | 6.44 | 5.33 | **6.11** |
| 61–मऊ | 2.01 | 4.53 | **3.46** | 2.31 | 4.38 | **3.55** |
| 62–बलिया | 3.83 | 3.24 | **3.66** | 7.65 | 7.44 | **7.59** |
| 63–जौनपुर | 3.37 | 2.28 | **3.08** | 2.83 | 2.98 | **2.87** |
| 64–गाजीपुर | 5.24 | 2.50 | **4.66** | 5.19 | 4.03 | **4.93** |
| 65–चन्दौली | 4.20 | 5.57 | **4.58** | 4.03 | 3.76 | **3.95** |
| 66–वाराणसी | 0.88 | 3.89 | **2.65** | 0.76 | 4.36 | **3.06** |
| 67–संत रविदास नगर (भदोही) | 9.19 | 5.52 | **8.00** | 9.67 | 8.01 | **9.12** |
| 68–मीरजापुर | 7.10 | 3.82 | **5.88** | 8.70 | 5.45 | **7.58** |
| 69–सोनभद्र | 2.44 | 3.48 | **2.85** | 4.32 | 2.24 | **3.19** |
| 70–एटा | 11.68 | 1.16 | **7.91** | 14.37 | 3.23 | **10.10** |
| 71–कांशीराम नगर (कासगंज) | 17.22 | 1.35 | **11.81** | 17.86 | 3.24 | **12.18** |
| उत्तर प्रदेश | **8.35** | **4.29** | **6.65** | **8.89** | **6.15** | **7.62** |

### 7.03 कृषीय उद्यम

पाँचवी एवं छठी आर्थिक गणना से सम्बन्धित ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में कृषीय उद्यमों की संख्या, रोज़गार की स्थिति से सम्बन्धित आंकड़े तालिका–7.4 में दिये गये हैं। छठी आर्थिक गणना में ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 24.85 प्रतिशत दर्ज की गयी है, जो कि नगरीय क्षेत्र में दर्ज उद्यमों की वृद्धि दर 14.96 प्रतिशत से अधिक है। संयुक्त रूप से उद्यमों की वृद्धि दर 24.09 प्रतिशत पायी गयी। वर्ष 2005 से 2013 के मध्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में उद्यमों की कुल वृद्धि क्रमशः 490.51 प्रतिशत तथा 204.98 प्रतिशत रही, जबकि संयुक्त रूप से उद्यमों की कुल वृद्धि 462.06 प्रतिशत दर्ज की गयी।

रोज़गार की वृद्धि दर को देखने से पता चलता है कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में कृषि उद्यमों में रोज़गार की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 23.67 प्रतिशत तथा 14.60 प्रतिशत रही है। वर्ष 2005 से वर्ष 2013 के मध्य संयुक्त रूप से रोज़गार की कुल वृद्धि 421.85 प्रतिशत है।

**तालिका–7.4: क्षेत्र वार तथा कृषि उद्यमों एवं उनमें नियोजित रोज़गार की वृद्धि दर**

| क्षेत्र | मद | पाँचवीं आर्थिक गणना (2005) | छठी आर्थिक गणना (2013) | सी०ए०जी०आर० (प्रतिशत) | कुल वृद्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | उद्यम | 231530 | 1367202 | **24.85** | **490.51** |
| | रोजगार | 468435 | 2563458 | **23.67** | **447.24** |
| नगरीय | उद्यम | 25620 | 78135 | **14.96** | **204.98** |
| | रोजगार | 52994 | 157629 | **14.60** | **197.45** |
| संयुक्त | उद्यम | **257150** | **1445337** | **24.09** | **462.06** |
| | रोजगार | **521429** | **2721087** | **22.94** | **421.85** |

### 7.04 गैर–कृषीय उद्यम

वर्ष 2005 से वर्ष 2013 के मध्य गैर–कृषीय उद्यमों से सम्बन्धित आँकड़ों को तालिका–7.5 में दिखाया गया है। सन्दर्भित अवधि में गैर–कृषीय उद्यमों में संयुक्त रूप से रोज़गार की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 8.55 प्रतिशत थी, जो कि संयुक्त रूप से गैर–कृषीय उद्यमों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 4.32 प्रतिशत से अधिक है।

**तालिका–7.5: क्षेत्रवार गैर–कृषीय उद्यमो एवं उनमें नियोजित रोजगार में वृद्धि दर**

| क्षेत्र | मद | पाँचवीं आर्थिक गणना | छठी आर्थिक गणना | सी०ए०जी०आर० (प्रतिशत) | कुल वृद्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | उद्यम | 1957451 | 2791753 | 4.54 | 42.62 |
| | रोजगार | 3554577 | 7953379 | 10.59 | 123.75 |
| नगरीय | उद्यम | 1778681 | 2446815 | 4.07 | 37.56 |
| | रोजगार | 3769968 | 6164673 | 6.34 | 63.52 |
| संयुक्त | उद्यम | **3736132** | **5238568** | **4.32** | **40.21** |
| | रोजगार | **7324545** | **14118052** | **8.55** | **92.75** |

### 7.05 प्रति उद्यम औसत रोज़गार

प्रति उद्यम औसत रोज़गार के अध्ययन से पता चलता है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2013 के मध्य अखिल भारतीय स्तर पर जहां प्रति उद्यम औसत रोज़गार 2.30 से घटकर 2.24 हो गया है, वहीं प्रदेश स्तर पर प्रति उद्यम औसत रोज़गार वर्ष 2005 में 1.96 से बढ़कर वर्ष 2013 में 2.11 हो गया है। गैर–कृषीय उद्यमों के सन्दर्भ में भी प्रदेश स्तर पर यही ट्रेन्ड देखने को मिलता है। गैर–कृषीय उद्यमों में प्रति उद्यम औसत रोज़गार वर्ष 2005 में 1.96 था, जो वर्ष 2013 में बढ़कर 2.18 हो गया। परन्तु कृषि उद्यमों के सन्दर्भ में प्रदेश स्तर पर भी प्रति उद्यम औसत रोज़गार में गिरावट दर्ज की गयी है। कृषि उद्यमों में वर्ष 2005 में प्रति उद्यम औसत रोज़गार 2.03 था, जो घटकर वर्ष 2013 में 1.88 रह गया।

तालिका–7.6: प्रति उद्यम औसत रोजगार

| क्षेत्र | उद्यम के प्रकार | ग्रामीण | | नगरीय | | संयुक्त | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005 | 2013 | 2005 | 2013 | 2005 | 2013 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| **कृषीय उद्यम** | | | | | | | |
| I. | स्व–कार्यरत उद्यम | 1.89 | 1.81 | 1.74 | 1.70 | **1.87** | **1.81** |
| | भाड़े पर कार्यरत कम से कम एक व्यक्ति से संचालित उद्यम | 2.89 | 2.71 | 3.02 | 3.21 | **2.92** | **2.78** |
| | **कुल** | **2.02** | **1.87** | **2.07** | **2.02** | **2.03** | **1.88** |
| **गैर–कृषीय उद्यम** | | | | | | | |
| II. | स्व–कार्यरत उद्यम | 1.31 | 1.35 | 1.26 | 1.36 | **1.29** | **1.35** |
| | भाड़े पर कार्यरत कम से कम एक व्यक्ति से संचालित उद्यम | 3.49 | 3.89 | 3.58 | 4.38 | **3.54** | **4.18** |
| | **कुल** | **1.82** | **1.93** | **2.12** | **2.46** | **1.96** | **2.18** |
| **संयुक्त** | | | | | | | |
| III. | स्व–कार्यरत उद्यम | 1.38 | 1.52 | 1.27 | 1.37 | **1.33** | **1.47** |
| | भाड़े पर कार्यरत कम से कम एक व्यक्ति से संचालित उद्यम | 3.45 | 3.74 | 3.57 | 4.36 | **3.52** | **4.08** |
| | **कुल** | **1.84** | **1.91** | **2.12** | **2.44** | **1.96** | **2.11** |


### 7.06 रोज़गार आकार वर्ग के अनुसार उद्यम

**तालिका–7.7: रोज़गार आकार वर्ग के अनुसार पाँचवीं एवं छठी आर्थिक गणना के मध्य उद्यमों एवं रोज़गार में प्रतिशत वितरण**

| क्र. सं. | आकार वर्ग | मद | पाँचवीं आर्थिक गणना 2005 (प्रतिशत) | छठी आर्थिक गणना 2013 (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1-5 | उद्यम | 97.15 | 96.53 |
| | | रोजगार | 76.69 | 77.65 |
| 2 | 6-9 | उद्यम | 2.30 | 2.81 |
| | | रोजगार | 8.34 | 8.79 |
| 3 | 10 और उससे ऊपर | उद्यम | 0.55 | 0.66 |
| | | रोजगार | 14.97 | 13.57 |


पांचवी एवं छठी आर्थिक गणना से सम्बन्धित उद्यमों एवं रोज़गार के वितरण से सम्बन्धित आँकड़े तालिका–7.7 में दिये गये हैं। तालिका में दिये गये आँकड़ों से यह प्रदर्शित हो रहा है कि प्रदेश स्तर पर रोज़गार आकार वर्ग 1–5 के उद्यमों में कम वृद्धि हुई है, जबकि रोज़गार आकार वर्ग 6–9 एवं 10 और इससे ऊपर के उद्यमों में मामूली वृद्धि परिलक्षित हो रही है। रोज़गार के दृष्टिकोण से प्रदेश स्तर पर रोज़गार आकार वर्ग 1–5 एवं 6–9 अन्तर्गत के उद्यमों में रोज़गार में वृद्धि हुई है, जबकि रोज़गार आकार वर्ग 10 और इससे ऊपर के उद्यमों में कम वृद्धि हुई है।

### 7.07 प्रदेश में सम्पन्न करायी गयी आर्थिक गणना 1990, 1998, 2005 एवं 2013 के अनुसार उद्यम एवं रोजगारों में पायी गयी क्रमिक वृद्धि की प्रवृत्तिः




*5th EC (2005) के आँकड़े लोक प्रशासन, रक्षा और अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की गतिविधियों के उद्यमों को हटाकर प्रस्तुत किया गया है।

(i) प्रदेश में छठी आर्थिक गणना 2012–13 के अन्तर्गत ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र में पाये गये उद्यमों की द्वितीय आर्थिक गणना (1980), तृतीय आर्थिक गणना (1990), चतुर्थ आर्थिक गणना (1998) एवं पांचवीं आर्थिक गणना (2005) से तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। जिसके अन्तर्गत चतुर्थ आर्थिक गणना (1998) को छोड़कर अन्य समस्त आर्थिक गणनाओं (यथा–द्वितीय, तृतीय, पांचवीं एवं छठी) में ग्रामीण क्षेत्र में नगरीय क्षेत्र की अपेक्षा उद्यमों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि परिलक्षित हो रही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रदेश में उद्यमों की संख्या में नगरीय क्षेत्र के सापेक्ष ग्रामीण क्षेत्र में अधिक वृद्धि हुई है और समग्र रूप से प्रदेश में उद्यमों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि पायी गयी है। आर्थिक गणना 1980, 1990, 1998 एवं 2005 में कृषि उत्पदान एवं बागवानी से सम्बन्धित उद्यमों को छोडकर गणना करायी गयी थी, जबकि छठी आर्थिक गणना 2012–13 के सर्वेक्षण में कृषि उत्पादन एवं बागवानी के अतिरिक्त गैर–कृषीय उद्यमों के अन्तर्गत लोक प्रशासन, रक्षा और अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की गतिविधियों में संलग्न उद्यमों को भी गणना में छोड़ा गया है।




*5th EC (2005) के आँकड़े लोक प्रशासन, रक्षा और अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की गतिविधियों के उद्यमों में नियोजित कामगारों को हटाकर प्रस्तुत किया गया है।

(ii) प्रदेश में छठी आर्थिक गणना 2012–13 के अन्तर्गत ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र में पाये गये कामगारों की, द्वितीय आर्थिक गणना (1980), तृतीय आर्थिक गणना (1990), चतुर्थ आर्थिक गणना (1998) एवं पाँचवीं आर्थिक गणना (2005) से तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। जिसके अन्तर्गत पाँचवीं आर्थिक गणना (2005) में नगरीय क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा कम वृद्धि परिलक्षित हो रही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रदेश में कामगारों की संख्या में नगरीय क्षेत्र के सापेक्ष ग्रामीण क्षेत्र में अधिक वृद्धि हुई है और समग्र रूप से प्रदेश में कामगारों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि पायी गयी है।

## 7.08 जनसंख्या और क्षेत्रफल के साथ उद्यमों का जनपद वार अनुपात

तालिका– 7.8

| जनपद | जनसंख्या 2001 | जनसंख्या 2011 | अनुमानित जनसंख्या 2013 | क्षेत्रफल 2011 वर्ग कि०मी० | जनपद वार उद्यमों की संख्या | प्रति हजार जनसंख्या पर उद्यमों की संख्या | प्रति वर्ग कि०मी० पर उद्यमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1–सहारनपुर | 2896863 | 3464228 | 3603490 | 3689 | 143396 | 39.79 | 38.87 |
| 2–मुजफ्फर नगर | 3543362 | 4138605 | 4304977 | 4008 | 125179 | 29.08 | 31.23 |
| 3–बिजनौर | 3131619 | 3683896 | 3831989 | 4561 | 134744 | 35.16 | 29.54 |
| 4–मुरादाबाद | 3810983 | 4773138 | 4965018 | 3718 | 242341 | 48.81 | 65.18 |
| 5–रामपुर | 1923739 | 2335398 | 2429281 | 2367 | 96380 | 39.67 | 40.72 |
| 6–ज्योतिबा फुले नगर (अमरोहा) | 1499068 | 1838771 | 1912690 | 2249 | 136586 | 71.41 | 60.73 |
| 7–मेरठ | 2997361 | 3447405 | 3585991 | 2590 | 251071 | 70.01 | 96.94 |
| 8–बागपत | 1163991 | 1302156 | 1354503 | 1321 | 47581 | 35.13 | 36.02 |
| 9–गाजियाबाद | 3290586 | 4661452 | 4848842 | 1148 | 201623 | 41.58 | 175.63 |
| 10–गौतम बुद्ध नगर | 1202030 | 1674714 | 1742038 | 1442 | 71379 | 40.97 | 49.50 |
| 11–बुलन्दशहर | 2913122 | 3498507 | 3639147 | 4352 | 260190 | 71.50 | 59.79 |
| 12–अलीगढ़ | 2992286 | 3673849 | 3821538 | 3650 | 226023 | 59.14 | 61.92 |
| 13–महामाया नगर (हाथरस) | 1336031 | 1565678 | 1628618 | 1840 | 60516 | 37.16 | 32.89 |
| 14–मथुरा | 2074516 | 2541894 | 2644078 | 3340 | 68493 | 25.90 | 20.51 |
| 15–आगरा | 3620436 | 4380793 | 4556901 | 4027 | 219583 | 48.19 | 54.53 |
| 16–फिरोजाबाद | 2052958 | 2496761 | 2597131 | 2361 | 68340 | 26.31 | 28.95 |
| 17–मैनपुरी | 1596718 | 1847194 | 1921451 | 2760 | 50568 | 26.32 | 18.32 |
| 18–बदायूं | 3069426 | 3712738 | 3861990 | 5168 | 217243 | 56.25 | 42.04 |
| 19–बरेली | 3618589 | 4465344 | 4644851 | 4120 | 262040 | 56.42 | 63.60 |
| 20–पीलीभीत | 1645183 | 2037225 | 2119121 | 3499 | 82836 | 39.09 | 23.67 |
| 21–शाहजहांपुर | 2547855 | 3002376 | 3123072 | 4575 | 80327 | 25.72 | 17.56 |
| 22–खीरी | 3207232 | 4013634 | 4174982 | 7680 | 73382 | 17.58 | 9.55 |
| 23–सीतापुर | 3619661 | 4474446 | 4654319 | 5743 | 105887 | 22.75 | 18.44 |
| 24–हरदोई | 3398306 | 4091380 | 4255853 | 5986 | 84984 | 19.97 | 14.20 |
| 25–उन्नाव | 2700324 | 3110595 | 3235641 | 4558 | 55788 | 17.24 | 12.24 |
| 26–लखनऊ | 3647834 | 4588455 | 4772911 | 2528 | 231905 | 48.59 | 91.73 |
| 27–रायबरेली | 2872335 | 3404004 | 3540845 | 4609 | 69247 | 19.56 | 15.02 |
| 28–फर्रुखाबाद | 1570408 | 1887577 | 1963458 | 2181 | 41933 | 21.36 | 19.23 |
| 29–कन्नौज | 1388923 | 1658005 | 1724657 | 2093 | 41203 | 23.89 | 19.69 |
| 30–इटावा | 1338871 | 1579160 | 1642642 | 2311 | 88307 | 53.76 | 38.21 |
| 31–औरैया | 1179993 | 1372287 | 1427453 | 2015 | 32295 | 22.62 | 16.03 |
| 32–कानपुर देहात | 1563336 | 1795092 | 1867255 | 3021 | 50018 | 26.79 | 16.56 |
| 33–कानपुर नगर | 4167999 | 4572951 | 4756784 | 3155 | 201306 | 42.32 | 63.81 |
| 34–जालौन | 1454452 | 1670718 | 1737881 | 4565 | 61823 | 35.57 | 13.54 |
| 35–झांसी | 1744931 | 2000755 | 2081185 | 5024 | 58865 | 28.28 | 11.72 |
| 36–ललितपुर | 977734 | 1218002 | 1266966 | 5039 | 25006 | 19.74 | 4.96 |

तालिका– 7.8

| जनपद | जनसंख्या 2001 | जनसंख्या 2011 | अनुमानित जनसंख्या 2013 | क्षेत्रफल 2011 वर्ग कि०मी० | जनपद वार उद्यमों की संख्या | प्रति हजार जनसंख्या पर उद्यमों की संख्या | प्रति वर्ग कि०मी० पर उद्यमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 37–हमीरपुर | 1043724 | 1104021 | 1148403 | 4282 | 21992 | 19.15 | 5.14 |
| 38–महोबा | 708447 | 876055 | 911272 | 2884 | 22856 | 25.08 | 7.93 |
| 39–बांदा | 1537334 | 1799541 | 1871883 | 4460 | 34470 | 18.41 | 7.73 |
| 40–चित्रकूट | 766225 | 990626 | 1030449 | 3164 | 15146 | 14.70 | 4.79 |
| 41–फतेहपुर | 2308384 | 2632684 | 2738518 | 4152 | 92201 | 33.67 | 22.21 |
| 42–प्रतापगढ | 2731174 | 3173752 | 3301337 | 3717 | 59968 | 18.16 | 16.13 |
| 43–कौशाम्बी | 1293154 | 1596909 | 1661105 | 1780 | 35630 | 21.45 | 20.02 |
| 44–इलाहाबाद | 4936105 | 5959798 | 6199382 | 5482 | 223591 | 36.07 | 40.79 |
| 45–बाराबंकी | 2673581 | 3257983 | 3388954 | 4402 | 77883 | 22.98 | 17.69 |
| 46–फैजाबाद | 2088928 | 2468371 | 2567600 | 2341 | 54402 | 21.19 | 23.24 |
| 47–अम्बेडकर नगर | 2026876 | 2398709 | 2495137 | 2350 | 52384 | 20.99 | 22.29 |
| 48–सुलतानपुर | 3214832 | 3790922 | 3943317 | 4436 | 84326 | 21.38 | 19.01 |
| 49–बहराइच | 2381072 | 3478257 | 3618083 | 4420 | 53169 | 14.70 | 12.03 |
| 50–श्रावस्ती | 1176391 | 1114615 | 1159423 | 2458 | 17494 | 15.09 | 7.12 |
| 51–बलरामपुर | 1682350 | 2149066 | 2235458 | 3349 | 36386 | 16.28 | 10.86 |
| 52–गोण्डा | 2765586 | 3431386 | 3569328 | 4003 | 49227 | 13.79 | 12.30 |
| 53–सिद्धार्थ नगर | 2040085 | 2553526 | 2656178 | 2895 | 57793 | 21.76 | 19.96 |
| 54–बस्ती | 2084814 | 2461056 | 2559990 | 2688 | 51716 | 20.20 | 19.24 |
| 55–संत कबीर नगर | 1420226 | 1714300 | 1783215 | 1646 | 63136 | 35.41 | 38.36 |
| 56–महराजगंज | 2173878 | 2665292 | 2772437 | 2952 | 74865 | 27.00 | 25.36 |
| 57–गोरखपुर | 3769456 | 4436275 | 4614613 | 3321 | 132160 | 28.64 | 39.80 |
| 58–कुशीनगर | 2893196 | 3560830 | 3703975 | 2906 | 71843 | 19.40 | 24.72 |
| 59–देवरिया | 2712650 | 3098637 | 3223202 | 2538 | 79312 | 24.61 | 31.25 |
| 60–आजमगढ | 3939916 | 4616509 | 4802093 | 4054 | 126110 | 26.26 | 31.11 |
| 61–मऊ | 1853997 | 2205170 | 2293818 | 1713 | 73017 | 31.83 | 42.63 |
| 62–बलिया | 2761620 | 3223642 | 3353232 | 2981 | 85043 | 25.36 | 28.53 |
| 63–जौनपुर | 3911679 | 4476072 | 4656010 | 4038 | 104922 | 22.53 | 25.98 |
| 64–गाजीपुर | 3037582 | 3622727 | 3768361 | 3377 | 100815 | 26.75 | 29.85 |
| 65–चन्दौली | 1643251 | 1952713 | 2031212 | 2541 | 37234 | 18.33 | 14.65 |
| 66–वाराणसी | 3138671 | 3682194 | 3830218 | 1535 | 144103 | 37.62 | 93.88 |
| 67–संत रविदास नगर (भदोही) | 1353705 | 1554203 | 1616682 | 1015 | 43595 | 26.97 | 42.95 |
| 68–मीरजापुर | 2116042 | 2494533 | 2594813 | 4521 | 60131 | 23.17 | 13.30 |
| 69–सोनभद्र | 1463519 | 1862612 | 1937489 | 6788 | 29995 | 15.48 | 4.42 |
| 70–एटा | 2790410 | 1761152 | 1831950 | 2453 | 70272 | 38.36 | 28.65 |
| 71–कांशीराम नगर (कासगंज) | | 1438156 | 1495970 | 1993 | 78330 | 52.36 | 39.30 |
| **उत्तर प्रदेश** | **166197921** | **199581477** | **207604652** | **240928** | **6683905** | **32.20** | **27.74** |

तालिका 7.7 से स्पष्ट है कि प्रदेश में प्रति हजार जनसंख्या पर उद्यमों की औसत संख्या 32.20 है। प्रदेश में औसत उद्यमों की संख्या 71.50 के साथ जनपद बुलन्दशहर का स्थान प्रथम है। जबकि दूसरे तथा तीसरे स्थान पर जनपद ज्योतिबा फुले नगर एवं मेरठ का है, जहां औसत उद्यमों की संख्या क्रमशः 71.41 एवं 70.01 है। वहीं 13.79 औसत उद्यमों की संख्या के साथ जनपद गोण्डा का स्थान प्रदेश में सबसे नीचे है। तालिका से यह भी स्पष्ट है कि प्रदेश में 26 जनपद ऐसे हैं जहां औसत उद्यमों की संख्या राज्य के औसत उद्यमों की संख्या से अधिक है।

उपरोक्त तालिका को देखने से यह भी स्पष्ट है कि प्रति वर्ग कि०मी० क्षेत्रफल पर प्रदेश में उद्यमों की संख्या 27.74 पायी गयी है। उद्यमों का सर्वाधिक संकेन्द्रण 175.63 जनपद गाजियाबाद की है। उद्यमों के संकेन्द्रण की दृष्टि से जनपद मेरठ एवं वाराणसी दूसरे एवं तीसरे स्थान पर है जहां यह संख्या 96.94 तथा 93.88 क्रमशः पायी गयी है। प्रति वर्ग कि०मी० के क्षेत्रफल पर सबसे कम उद्यमों की संख्या 4.42 जनपद सोनभद्र की है। प्रदेश में 31 जनपद ऐसे हैं जहां प्रति वर्ग कि०मी० के क्षेत्रफल पर पाये जाने वाले उद्यमों की संख्या प्रदेश स्तर से अधिक है।

### 7.09 विभिन्न स्रोतों से उद्यमों एवं उनमें संलिप्त कामग़ारों की संख्या के उपलब्ध अनुमानों के आधार पर छठी आर्थिक गणना 2012–13 से प्राप्त आँकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण

#### (अ) रा०प्र०स० 67वीं आवृत्ति के सापेक्ष–

वर्ष 2012–13 में सम्पादित छठी आर्थिक गणना के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 66,83,905 उद्यम संचालित पाये गये है, जिनमें 1,41,18,052 कामगारों को रोज़गार प्राप्त था। जबकि रा०प्र०स० 67वीं आवृत्ति (जुलाई 2010–जून 2011) के आधार पर प्रदेश में उद्यमों की अनुमानित संख्या 53,74,157 आकलित की गयी थी। उक्त आँकड़ों का विश्लेषण करने पर यह परिलक्षित हो रहा है कि रा०प्र०स० सर्वेक्षण समाप्ति के दो वर्ष के उपरान्त प्रदेश में उद्यमों की संख्या में 24.37 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई है।

कामगारों के दृष्टिकोण से रा०प्र०स० 67वीं आवृत्ति (जुलाई 2010–जून 2011) के आधार पर प्रदेश में संचालित उद्यमों में अनुमानित कामगारों की संख्या 91,15,324 आंकलित की गयी थी। उक्त आँकड़ों का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि रा०प्र०स० सर्वेक्षण समाप्ति के दो वर्ष के उपरान्त प्रदेश में कामगारों की संख्या में 54.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रा०प्र०स० 67वीं आवृत्ति (जुलाई 2010–जून 2011) के आधार पर प्राप्त उद्यमों एवं उनमें कार्यरत कामग़ारों के अन्तर्गत प्रति उद्यम रोज़गार की दर 1.70 व्यक्ति थी। जबकि छठी आर्थिक गणना के आंकड़ों के आधार पर प्राप्त उद्यमों एवं उनमें कार्यरत कामग़ारों के अन्तर्गत प्रति उद्यम रोज़गार की दर 2.11 प्राप्त हुई।

छठी आर्थिक गणना 2013 के आँकड़ों को रा०प्र०स० 67वीं आवृत्ति (जुलाई 2010–जून 2011) में उद्यम एवं रोज़गार के पाये गये अनुमान से जनपदवार विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ है कि 19 जनपद यथा–मुरादाबाद, रामपुर, खीरी, सीतापुर, लखनऊ, झांसी, ललितपुर, प्रतापगढ़, बाराबंकी, फैजाबाद, सुलतानपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा, मऊ, वाराणसी, संत रविदास नगर एवं सोनभद्र में उद्यमों/कामग़ारों में सापेक्षिक रूप से कमी पायी गयी है, जिनमें निम्न प्रमुख कारण चिन्हित हुए–

**(i)** छठी आर्थिक गणना 2012–13 में सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों को सम्मिलित नहीं किया गया है।

**(ii)** स्टील एवं प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग होने से जनपद मुरादाबाद एवं मीरज़ापुर का पीतल उद्योग पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ।

**(iii)** जनपद इलाहाबाद एवं लखनऊ में रेलवे, मिलिट्री छावनी, के अलावा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यालय/मुख्यालय स्थित होने के कारण सरकारी कार्मिकों की संख्या अधिक है। जिन्हें गणना से बाहर रखने के कारण उद्यमों एवं रोजगारों में उक्त अनुपात में वृद्धि नहीं हो पायी।

**(iv)** बाराबंकी में 02 विकास खण्ड एवं 01 नगर पालिका परिषद जनपद फैजाबाद में जाने के फलस्वरूप जनपद का क्षेत्रफल प्रभावित होने के कारण उद्यम/रोजगार में कमी परिलक्षित हुई।

**(v)** जनपद झांसी, फैजाबाद एवं मऊ में पावरलूम उद्यमों में कमी आने के कारण जनपद में उद्यम एवं रोजगार की

संख्या पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

**(vi)** देवीपाटन मण्डल के जनपद एवं बुन्देल खण्ड के जनपदों में अवस्थापना सुविधा, विकास न होने, श्रमिकों का बड़े शहरों की तरफ पलायन एवं औद्योगिक विकास शून्य एवं पिछड़ा होने के कारण रोजगार एवं उद्यम नहीं बढ़ा।

**(vii)** जनपद वाराणसी, सन्त रविदास नगर एवं मीरज़ापुर में कालीन उद्योग, बनारसी साड़ी, जरदोजी का कार्य एवं पीतल उद्योग प्रभावित होने से सामान्य अनुपात में वृद्धि परिलक्षित नहीं हो रही है।

**(viii)** जनपद सोनभद्र में वन एवं पहाड़ी क्षेत्र तथा प्रान्तीय सीमाओं से लगे होने के कारण क्षेत्र में नक्सली गतिविधियाँ बढ़ जाने से छोटे उद्यम प्रभावित हुए और रोज़गार के इच्छुक व्यक्ति अन्य जनपदों में विस्थापित हुए तथा खनन क्षेत्र में पर्यावरण विभाग द्वारा पहाड़ों की कटाई पर रोक लगाये जाने से क्रेशर बेल्ट ओबरा, डाला, बिली मारकुन्डी आदि स्थानों के क्रेशर बन्द हो गये। जिससे उद्यम एवं रोजगार में आनुपातिक वृद्धि परिलक्षित नहीं है।

### (ब) वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2010—11 के आँकड़ों के सापेक्ष—

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2010—11 के अन्तर्गत विनिर्माण क्षेत्र में पंजीकृत उद्योगों की संख्या 13,798 आकलित की गयी थी, जबकि छठी आर्थिक गणना— 2012—13 के अन्तर्गत विनिर्माण क्षेत्र में 17,461 उद्यम पाये गये है। जिसमें पंजीकृत उद्यमों के साथ—2, वह उद्यम भी सम्मिलित हैं जिनका पंजीकरण नहीं हुआ है। इस प्रकार छठी आर्थिक गणना के प्राप्त आँकड़े वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2010—11 (अनुलग्नक सारिणी— ) के विनिर्माण क्षेत्र के आँकड़ों से अधिक है।

### (स) अन्य विभागीय आँकड़ों के सापेक्ष—

प्रदेश के जनपदों में स्थापित जिला उद्योग केन्द्रों पर वर्ष 2012—13 में 2,88,409 उद्योग पंजीकृत पाये गये है (अनुलग्नक सारिणी— ), जबकि छठी आर्थिक गणना के प्राप्त आंकड़ों (तालिका—1.23) में वित्त पोषण के अन्तर्गत वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त उद्यमों की संख्या 4,98,087 पायी गयी है। जो जिला उद्योग केन्द्रों पर पंजीकृत उद्यमों के सापेक्ष 72.68 प्रतिशत अधिक वृद्धि के साथ प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आर्थिक गणना में चिन्हित इन उद्यमों में जिला उद्योग केन्द्र में पंजीकृत उद्यम समाहित है।